अठारहवीं शताब्दी के अन्त में जर्मनी के अबटाबट और अमेरिका के लिलियन्थल नामक वैज्ञानिकों ने इस तरह के हवाई-जहाज़ बनाने की कोशिश की। लिलीयन्थल को कुछ सफलता भी मिली; किन्तु एक बार हवाई-जहाज़ बिगड़ जाने के कारण वह पृथ्वी पर गिर कर मर गया। फिर इंग्लैण्ड के प्रसिद्ध आविष्कारक सर हिरम-मैक्सिम ने भी चेष्टा की, कुछ सफलता भी पायी; पर विशेष लाभ न हुआ। इसी प्रकार अमेरिका के प्रोफ़ेसर लैंगले ने वहाँ की सरकार से साढ़े सात लाख रुपया लेकर हवाई जहाज़ बनाने का बीड़ा उठाया; पर बेचारे असफल रहे।

आखिरकार इस ढङ्ग के हवाई-जहाज़ बनाने में



सरकार ने भी इंग्लैंड से भारत तक हवाई जहाज़ पर डाक ढोने का प्रबंध कर लिया है।

पाठ-सहायक

धुन = किसी काम के करने में मनुष्य को जो लगन लग जाती है उसे धुन कहते हैं। चिड़ियानुमा = चिड़िया की तरह। जिस चीज़ की आकार चिड़िया की तरह होती है उसे चिड़ियानुमा कहते हैं। इसी प्रकार के तुम्हें जो-जो शब्द मिले हों उन्हें लिखो।

अभ्यास

१. नये शब्दों और इनका प्रयोग अपने वाक्यों में करो—देन, जहाज़ बनाने का बीड़ा उठाना, दुर्घटनायें, कमाल दिखाना।

२. जर्मनी, फ्रांस और इंग्लैंड कहाँ हैं? इन देशों के भिन्न-भिन्न मनुष्यों ने हवाई-जहाज़ बनाने में [illegible] क्या है?

३. प्राचीन काल के और आजकल के हवाई-जहाज़ों में क्या अन्तर है?

४. किस देश में हवाई-जहाज़ का काम शुरू हुआ और उसका यह नाम क्यों पड़ा?

५. विशेषण के कुछ [illegible]

६. [illegible]

२०—मधु-मक्खी

[इनके लेखक [illegible]]

जब तक काम न पूरा होता,
कभी नहीं सुसताती है !
"क्या करना है मुझे !" बात यह,
अहा ! जानती है प्रत्येक ।
क्षुद्र जीव हैं ये सब तो भी,
इनमें कितना भरा विवेक ॥

[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

है। अनुराग = प्रेम। निर्माण = बनाना। विवेक = ज्ञान। उष्णदिन = गर्म दिन। सार = तत्व।

अभ्यास

१. अर्थ बताओ—माता, कला-कुशलता, महान।
२. अर्थ बताओ और अपने वाक्यों में प्रयोग करो—सुहाती हैं, क्षुद्र जीव, ग्रीष्मकाल, कर्तव्य-कर्म-पथ-भ्रष्ट, कर्मवीर, अल्प-ज्ञान पूँजी में।
३. मधुमक्खियों के परिश्रमी होने का सबूत दो।
४. मधुमक्खियाँ किस प्रकार मधु इकट्ठा किया करती हैं?
५. मनुष्य की उन्नति में कौन सी वस्तु बाधा डालती है?
६. परिश्रम करना मनुष्य को किन-किन जीवों से सीखना चाहिये?
७. इस पाठ में आए हुए विशेषण छाँटो जो किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता प्रकट करते हों।

२१—सर गङ्गाराम

[इस पाठ के लेखक पण्डित बनारसीदास चतुर्वेदी, फिरोजाबाद, जिला आगरा के रहनेवाले हैं। आजकल हिन्दी के प्रसिद्ध गद्य लेखकों में हैं। इन दिनों वे कलकत्ते के 'विशाल भारत' नामक मासिकपत्र के सम्पादक हैं। आप साहित्य द्वारा अच्छे विषयों के प्रचार का प्रयत्न करते हैं और अपनी भाषा के पुराने लेखकों और कवियों के सम्मान कराने का बराबर प्रयत्न किया करते हैं। आपने स्वर्गीय पण्डित सत्यनारायण कविरत्न की एक सुन्दर जीवनी लिखी है और फुटकर लेख तो सैकड़ों लिखे हैं। नीचे दी हुई सर गङ्गाराम की जीवनी आपके [illegible] से [illegible] है। इसके पढ़ने से यह विदित होता है कि मामूली घराने में पैदा होकर भी मनुष्य अपने उद्योग से किस तरह बड़ा आदमी बन सकता है और कैसे दूसरों का हित कर सकता है।]

ज़िला शेख़ुपुरा में हुआ था। आपके पिता लाला दौलतराम जी उस वक्त अमृतसर में कोर्ट-इन्स्पेक्टर थे। लाला दौलतरामजी वास्तव में हमारे संयुक्तप्रान्त के सहारनपुर ज़िले के रहनेवाले थे और पीछे से पंजाब में जा बसे थे। एण्ट्रेन्स पास करने के बाद सर गंगाराम टामसन-कालेज, रुड़की में दाखिल हुए और वहाँ से १८७३ ई० में इञ्जीनियरी में उत्तीर्ण होकर लाहौर में इञ्जीनियर नियत हुए। कहा जाता है कि उन्होंने उसी इञ्जीनियर से आफ़िस-चार्ज लिया था, जिसने उन्हें कुर्सी पर से उठा दिया था।

आपने बड़े परिश्रम के साथ अपना कार्य आरम्भ किया, जिससे सरकार आपकी योग्यता पर मुग्ध हो गयी, जब सन् १८७५ ई० में प्रिन्स आफ वेल्स भारत में पधारे तब पंजाब-सरकार ने लाहौर में उनके स्वागत का प्रबन्ध श्रीगंगाराम को सौंपा। सन १९०३ के शाही दरबार के सुपरिन्टेन्डेन्ट आप ही बनाये गये थे और इसी अवसर पर आपको सी० आई० ई० की उपाधि मिली थी। सन १९११ ई० के शाही दरबार का प्रबंध भी आपको सौंपा गया था और इसके उपलक्ष में आपको एम० वी० ओ० की उपाधि मिली थी। इसके सिवाय लाहौर की सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक इमारतों की मरम्मत का काम भी १२ वर्ष तक आपकी देख-रेख में हुआ था। लाहौर के राजकुमार-

उन्हें ज़मीन का एक टुकड़ा और दे दिया। आपने नहर में मशीन लगाकर पानी को ऊपर उठाया और इञ्जिनों के द्वारा सारी ज़मीन को पानी से तर कर दिया। बंजर ज़मीन लहलहा उठी। यह देखकर गवर्नमेंट ने इसी तरह की ज़मीन के ४७ मुरब्बे और दे दिये। इस ज़मीन को भी सर गंगाराम ने इञ्जिनों और मशीनों की मदद से जलमय तथा उपजाऊ बना दिया। बस फिर क्या था? खेती के कारण लक्ष्मी आपकी चेरी बन गयी। उस ज़मीन के आस-पास गाँव-पर-गाँव आबाद होने लगे। बिजली के कारखाने जारी होने लगे। अब आप जाकर वहाँ देखें तो छोटे-से-छोटे किसान के झोपड़े में भी बिजली की रोशनी दिखायी पड़ेगी।

जब सर गंगाराम इस तरह से मालामाल होने लगे तब उन्होंने दान-पुण्य द्वारा अपने धन का सदुपयोग करना प्रारम्भ किया।

सब से पहले आपका ध्यान विधवाओं की दुर्दशा की ओर आकर्षित हुआ और आपने उनके लिए एक सहायक सभा की स्थापना की। पंजाब में ही नहीं बंगाल, उड़ीसा, संयुक्तप्रान्त इत्यादि में भी उस सहायक सभा की शाखाएँ खुल गयी हैं। आज सर गंगाराम की दानशीलता के कारण २५, २६ हज़ार रुपया प्रति वर्ष इसी पुण्य कार्य में व्यय हो रहा है।

वे राजापुर गाँव में संवत् १५५४ में पैदा हुए थे। वे घर-छोड़कर राम के भक्त हो गये थे और जब तक जीवित रहे रामचन्द्र का गुण गाते रहे। उनकी रची हुई पुस्तकें सब को बहुत प्रिय हैं। इन पुस्तकों में रामचरित-मानस के अतिरिक्त गीतावली, कृष्ण-गीतावली, कवितावली, विनय-पत्रिका, दोहावली, जानकी-मंगल, पार्वती-मंगल, बरवै-रामायण आदि बहुत प्रसिद्ध हैं। इन्होंने संवत् १६८० में काशी में शरीर त्यागा था।

नीचे 'दोहावली' से कुछ चुने हुए दोहे दिये जाते हैं। इनसे मिलनेवाली शिक्षा अमूल्य है।

तुलसी मीठे बचन तें, सुख उपजत चहुँ ओर।
बसीकरन यह मंत्र है, परिहरु बचन कठोर॥ १॥
आपु-आपु कहँ सब भलो, अपने कहँ कोइ-कोइ।
तुलसी सब कहँ जो भलो, सुजन सराहिय सोइ॥ २॥
तुलसी कबहुँ न त्यागिये, अपने कुल की रीति।
लायक ही सों कीजिये, ब्याह, बैर अरु प्रीति॥ ३॥
आवत ही हर्षे नहीं, नैनन नहीं सनेह।
तुलसी तहाँ न जाइये, कञ्चन बरसे मेह॥ ४॥
तुलसी जो कीरति चहहिं, पर कीरति को खोय।
तिनके मुख मसि लागिहै, मुये न मिटिहै धोय॥ ५॥
नीच चंग सम जानिये, सुनि लखि तुलसीदास।
ढीलि देत महि गिरि परत, खैंचत चढ़त अकास॥ ६॥
नीच निचाई नहिं तजत, जो पावै सतसंग।
तुलसी चंदन बिटप बसि, बिष नहिं तजत भुजंग॥ ७॥

२२—गोपाल-सखा

[इस नाटक के लेखक पण्डित रामचन्द्र शुक्ल, एम० ए०, [illegible]० टी० हैं। आप सरयूपारी ब्राह्मण हैं। पहले आप काशी के [illegible] स्कूल में अध्यापक थे। आजकल कानपुर के [illegible]-हाई-स्कूल में हेडमास्टर हैं। शुक्ल जी 'नवयुग [illegible]' नामक पत्र के सम्पादक भी थे।

यह नाटक उक्त पत्र से ही लिया गया है। भगवान् का [illegible]न शुद्ध हृदय और प्रेम से ही सम्भव हो सकता है। अपनी [illegible]सी भी बात का अभिमान करने से वह कभी भी हम पर कृपा [illegible] कर सकते। यही इस नाटक का उद्देश्य है।]

पहला दृश्य

[किसी गाँव का एक साधारण घर। कृष्ण की मूर्ति। एक हिन्दू [illegible]ता पूजा कर रही है। एक लड़का बैठा कुछ खेल रहा है।]

माता—(गाती है)

> हे नाथ निज रूप हमको दिखाओ।
> तुम पास आओ या हमको बुलाओ॥
> मनचन्द, छिपिये न घन श्याम में अब।
> ज्योत्स्ना दिखाओ, सुधा को बहाओ॥
> पुष्पों को अपनी हँसी दान देकर।
> कुछ तुम हँसो, कुछ हमें भी हँसाओ॥
> चरणों के रजों को मृदु फूल कोने।
> करके सुमन को सुफल मृदु बनाओ॥

बालक—माँ, पहने कब दिखाओगी।

मा ! वे आज भी पाठशाला न आवेंगे। मैं भी आज न जाऊँगा। मुझे बड़ा डर लगता है।

माँ—बेटा, डर नहीं। मैं तुझे पहुँचा आया करती और ले आया करती, पर फिर घर का काम कौन करेगा ?

बन्नो—चाची, मुझे भेज दो, भैया से कह देना। मैं गोपाल भैया के साथ पाठशाला जाऊँगी, मैं नहीं डरती।

माँ—(हँसकर) चल पगली, तू क्या जायगी। तुझे घर पर पढ़ा दूँगी। (गोपाल से) डर बेटा गोपाल, एक दिन तो भूल ही गया था। जंगल में डर काहे का ? वृन्दावन वाले कृष्ण-कन्हैया तो जंगलों में बालकों की रक्षा किया ही करते हैं, उन्हीं को पुकारना। वे तेरी रक्षा करेंगे। आ, तुझे एक नया गाना सिखाऊँ (गाती है)

खेलो रे कन्हैया संग में हमारे।
मथुरा के प्यारे, नन्द-दुलारे॥ खेलो०॥
हिय में बसो तुम, मन में रमो तुम,
दरस दिखाओ प्यारे।
तुम बिन कौन दीन-दीनन को,
आहि गोपाल पुकारे॥ खेलो०॥

गोपाल—(गाता है) खेलो रे कन्हैया, संग में हमारे।

माँ, क्या कृष्ण-कन्हैया सचमुच मेरे साथ-साथ चलेंगे ?

है। इसे झट से जाना चाहिये। माँ ने कहा था कि कन्हैया जी से ही कुछ माँग लेना। सो मैं भूला ही जाता था। अबेर भी हो रही है।

कृष्ण—सचमुच? तुम्हारी माँ ने मुझ से माँगने को कहा था? मैं बनवासी चरवाहा भला क्या दूँगा? अच्छा, ठहरो, जाकर कुछ लाता हूँ। (जाते हैं)

गोपाल—(गाता है)

> कैसो खेल रच्यो बनवारी?
> छिन में छिपत छिनहिं में प्रगटत
> मोहत बुद्धि हमारी॥ कैसो…
> हारत आप जितावत हमको
> दीनन के हितकारी॥ कैसो…

कृष्ण (एक मटकी लेकर आते हैं) लो, और क्या है, यही दही की मटकी ले जाकर दे देना। देखो, अब गाँव तक आ गये आगे मैं न जाऊँगा।

गोपाल—थोड़ी दूर और चलो।

कृष्ण—नहीं भाई।

गोपाल—अच्छा, न चलो तो खेलो ही।

कृष्ण—नहीं भाई गोपाल, अब देर हो रही है। तुम जाओ, मैं अपने बन को लौट जाता हूँ।

[गोपाल जाता है, कृष्ण हाथ उठाकर आशीर्वाद देते हैं और मुरली बजाते हैं]

[पटाक्षेप

भैया रे, मैं फिर पुकारता हूँ। (पुकारता है) भैया कन्हैया! भैया कन्हैया! आओ हम तुम खेलें।

[कोई नहीं आता। बलदेव डरते हैं, कुछ रोकर जाने लगते हैं।]

गोपाल—(फिर पुकारता है) नहीं आओगे? नहीं आओगे? मुझे गुरुदेव की दृष्टि में झूठा सिद्ध करोगे? एक बार, बस एक बार और आओ; अब मैं तुमसे कुछ न माँगूँगा।

(कुछ ठिठककर उसकी ओर देखते हैं।)

[कैवल्य से—"प्यारे गोपाल! मैं नहीं आ सकता। बलदेव [illegible] ने तप किया है, पर उनके हृदय में प्रेम नहीं है। उनके आगे [illegible] नहीं हो सकता।"]

(बलदेव और गोपाल दोनों [illegible] प्रणाम करते हैं।)

[पटाक्षेप]

तीसरा दृश्य

[बलदेव [illegible] के [illegible] हैं। [illegible]
[illegible] हुए हैं।]

बलदेव आचार्य—गोपाल, तुम [illegible] हो! [illegible] और [illegible] गुरुदेव की [illegible] में [illegible] हो।

गोपाल—नहीं गुरुदेव, [illegible] है। [illegible] और [illegible] मुझ [illegible]।

बलदेव—अच्छा, अच्छा, अच्छा।

जयदेव—चलो, चलो, उसी भक्तप्रवर बालक गोपाल के पास जाऊँगा। उसी के सत्संग से भगवान को प्राप्त करूँगा। वह आ रहा है, वह आ रहा है, (पुकारते हैं)—गोपाल! गोपाल!!

गोपाल—(आता है) आप हैं गुरुदेव! आप कहाँ फिर रहे हैं? हम सब विद्यार्थी आपके बिना व्याकुल हैं। (चैतन्य की ओर देखकर) भैया, प्रणाम।

गुरुदेव—प्यारे गोपाल, गुरु तू है और शिष्य मैं हूँ। बता तो, प्यारे श्रीकृष्ण से तुझे किसने मिलाया?

गोपाल—गुरुदेव, मैं कुछ नहीं जानता। मेरी माता ने ही मुझे कृष्ण-प्रेम सिखाया है। चलिये, उन्हीं से पूछेंगे। चैतन्य भैया, आप भी आइये।

[पटाक्षेप]

छठा दृश्य

[गोपाल का घर। कृष्ण मूर्ति के सामने जयदेव, चैतन्य और गोपाल के साथ गोपाल की माता आती है।]

माता—आचार्य, मैं बेचारी क्या जानूँ? इसी मूर्ति के सहारे मैंने भगवान् का प्रेम पाया और यही इस बालक को सिखाया। आइये, हम सब प्रार्थना करें।

(सब गाते हैं)

हे नाथ निज रूप हमको दिखाओ। (इत्यादि)

[पटाक्षेप

[illegible], गौरव-गाथा (चार भाग), विचित्र विज्ञान और महकते [illegible] हुए हैं। नीचे लिखा पाठ 'महकते मोती' से लिया गया है। इसमें जो कहानी दी गयी है, वह संस्कृत के 'हितोपदेश' नामक प्रसिद्ध पुस्तक के आधार पर लिखी गयी है। इस कहानी को पढ़ने पर यह ज्ञात होता है कि अपने ऊपर भरोसा करनेवालों को धोखा देनेवाले को इसका फल बुरी तरह से भोगना पड़ता है।]

मगध देश में चम्पकवती नामक एक बहुत बड़ा वन था। उसमें हरिण और कौआ दो बहुत पुराने मित्र रहते थे। एक दिन किसी शृगाल की दृष्टि उस मोटे ताज़े मृग पर पड़ी, जिसे देखते ही उसके मुँह में पानी भर आया। गीदड़ सोचने लगा, "अहा! किसी प्रकार इस हरिण का मांस खाने को मिले तो क्या ही अच्छा हो! अच्छा, [illegible] जायगा, पहले इससे मेल-जोल तो पैदा करूँ।" इसके अनन्तर गीदड़ हरिण के पास जाकर कहने लगा, "कहिये मित्र, अच्छे तो हो।" हरिण बोला, "भाई, तुम कौन हो और कहाँ से आये हो? आज पहली बार ही तुम्हारे दर्शन हुए हैं।" गीदड़ कहने लगा, "मित्र मैं क्षुद्रबुद्धि नामक शृगाल हूँ। अब तक बिना किसी साथी के इस वन में अकेला रहता था। आज आपको पाकर मुझे भी आनन्द प्राप्त हुआ है, जिसका मैं वर्णन नहीं कर सकता। इस समय [illegible] होता है, मानो मैं बंधुबान्धव [illegible] के बिना [illegible] गया हूँ। मित्र, मैं भी आपके [illegible]

अब पक्षी अपने आहार में से थोड़ा-थोड़ा उसे दे देते, जिससे उसके खाने-पीने का काम चल जाता था। किसी समय दीर्घवर्ण नामक एक बिलाव पक्षियों के बच्चों को खाने की इच्छा से उस वृक्ष पर आया। बिलाव को आता देख चिड़ियों के बच्चे भयभीत हो चहचहाने लगे। उस कोलाहल को सुन गिद्ध बोला, "अरे! कौन आता है?" गिद्ध को देख बिलाव घबरा गया। वह सोचने लगा, "इसके आगे से मैं भाग तो सकता नहीं। अब तो जो होगा सो देखा जायगा। लाओ पहले इसके समीप चलकर मेल पैदा करूँ।" बिलाव गिद्ध के पास जा बड़े विनम्र भाव से बोला, "महानुभाव, आपको प्रणाम करता हूँ।" इस पर गिद्ध ने पूछा, "तू कौन है?" वह कहने लगा, "महाराज, मैं दीर्घकर्ण नामक बिलाव हूँ।" बिलाव का नाम सुनते ही गिद्ध क्रोधपूर्ण स्वर में बोला, "अरे, तेरा यहाँ क्या काम! यहां से जल्दी भाग, नहीं तो अभी तेरी खबर लेता हूँ।"

गिद्ध को क्रुद्ध देख पहले तो बिलाव सिटपिटा गया; परन्तु फिर कुछ सावधान हो बोला, "महाराज, आप पहले मेरी प्रार्थना सुन लें, उसके पश्चात् यदि मुझे दण्ड-नीय समझें तो अवश्य दण्ड दें।" इस पर गिद्ध ने कहा, "अच्छा, जल्दी कह, क्या कहता है।" बिलाव कहने लगा, "महाराज, मैं यहां गङ्गा-तट पर चन्द्रायण व्रत

जिन पक्षियों के बच्चे खाये गये, उन्हें बहुत दुःख हुआ। वे अपने बच्चे खानेवाले की खोज करने लगे। बिलाव को जब इस बात का पता लगा, तब वह चुपचाप पेड़ के कोटर से निकलकर चलता बना। उधर पक्षियों ने गिद्ध के घर में अपने बच्चों की हड्डियां पड़ी देखीं, तो वे समझे कि इसी दुष्ट ने हमारे बच्चे खाये हैं। फिर क्या था, सब ने एकत्र हो उसपर हमला कर दिया और उसे मार डाला। इसलिए मैं कहता हूँ कि अनजान व्यक्ति से सहसा मित्रता नहीं करनी चाहिये।

कौए की बात सुन गीदड़ कहने लगा, "भाई, जिस दिन तुम्हारी और हरिण की मित्रता हुई थी उस दिन तुम भी परस्पर एक दूसरे के लिए अपरिचित ही रहे होंगे। फिर तुमने मित्रता क्यों की और अब तुम्हारी मैत्री दिनों-दिन कैसे गाढ़ी होती जाती है! मित्र, प्रथम दर्शन के समय तो सभी आपस में अपरिचित होते हैं। यदि वे परस्पर सम्बन्ध स्थापित न करें, तो एक को दूसरे के स्वभाव और गुण आदि का ज्ञान कैसे हो? फिर तो जगत् में कोई किसी के पास खड़ा भी न हो। वस्तुतः, मैं तो समझता हूँ कि जिस प्रकार हरिण मेरे मित्र हैं, उसी प्रकार तुम भी हो।" इस तरह वादविवाद के बाद तीनों ने मित्रता कर ली और वे एक ही जगह सुखपूर्वक रहने लगे।

अमावस्या के दिन व्रती होने के कारण मैं ताँत के बने इस जाल को दाँतों से नहीं छू सकता। अब रात तो तुम किसी तरह बिताओ, सवेरा होते ही मैं आकर जाल काट दूँगा।" इतना कह गीदड़ वहीं एकान्त में छिपकर बैठ गया।

सवेरा होते ही प्रति दिन की भाँति जब हरिण अपने स्थान पर न पहुँचा, तब कौए को बड़ी चिन्ता हुई। वह उसकी खोज में इधर-उधर उड़ता हुआ उस खेत में भी पहुँचा। वहाँ अपने मित्र हरिण को जाल में फँसा देख अत्यन्त दुःखी हो पूछने लगा, "क्यों भाई, गीदड़ कहाँ गया? क्या उसने जाल से मुक्त करने के लिए तुम्हारी कुछ सहायता नहीं की?" इस पर हरिण ने गीदड़ की सब बातें कह सुनायी। कौआ बोला, "भाई हमने उस नीच को मीठी-मीठी बातों में आकर इसे अपना मित्र बनाया, उसका फल भी हाथों-हाथ पाया। परन्तु खैर, अब भी कोई चिन्ता की बात नहीं। तुम हाथ पैर ढीले करके पेट फुलाकर लेट जाओ, जिससे किसान तुम्हें मरा समझ लापरवाही से खोलकर डाल देगा। उस समय जब मैं आवाज़ दूँ, तभी तुरन्त उठकर भाग जाना।"

हरिण ने वैसा ही किया। थोड़ी देर में किसान भी वहाँ आ गया। उसने मृग को मरा जान, पर लाते हुए

१. अंग्रेज़ और उनके शास्त्रों में इनका प्रवेश कैसे—भारत का स्वप्न नष्ट कर दिया। विद्रोहियों के बड़े सरदार ही पहचाने गये। 'फ़ातिह बड़ा दर्जा' (अर्थात् ... प्रधान धर्म है।)

२. हिन्दुत्व और राष्ट्रीयता के विरोध में क्या अन्तर है? उदाहरण देकर स्पष्ट करो।

२५—हेमन्त

[इस कविता के रचनेवाले पण्डित गिरिधर शर्मा हैं। आपका जन्म ज्येष्ठ शुक्ल अष्टमी, संवत् १९३८ में राजपूताने के झालरापाटन शहर में हुआ था। आप हिन्दी के अच्छे कवि हैं। इसके साथ ही ये संस्कृत और गुजराती में भी कविता करते हैं। साथ ही उर्दू, मराठी और बंगाली भाषा भी जानते हैं। आप व्याख्यान भी अच्छा देते हैं। आपने वैदिक शास्त्रों के प्रचार का विशेष प्रयत्न किया है। आपने बहुत सी पुस्तकें लिखी हैं। उनमें से कुछ ये हैं—[illegible], [illegible], [illegible], राई का पर्वत, [illegible], [illegible]।]

यह हेमन्त आज है आया;
इसने अपना रंग दिखाया।
अब दिन-मान घटा जाता है,
रात्रि-मान बढ़ता जाता है॥
स्वच्छ, मनोहर, कान्तिधर प्यारी,
निशिकर की छवि है न्यारी।

इनमें से कुछ खुद भी खाते,
वैद्यराज यों मजे उड़ाते ॥
घनी कुहर जब छा जाता है,
कुछ भी नहीं दृष्टि आता है।
यद्यपि सूर्योदय हो जाता,
तदपि न शीघ्र दिनेश दिखाता ॥
सूर्योदय पहले जो न्हाते,
उष्ण सलिल कूपों में पाते।
करते नहीं मनुज को दुखी,
इनकी टहल प्रकृति भी करती ॥

शब्द-सहायक

हिमकर-[illegible] = चन्द्रमा की किरण। कुहर = जल के छोटे छोटे [illegible] का समूह जो ठंडक पाकर वायु की तरह से [illegible] है। दिनेश = सूर्य। [illegible] = [illegible] और [illegible] वस्तुओं में [illegible] सुविधा पहुँचाई।

अभ्यास

१. [illegible]
२. [illegible]
३. [illegible]
४. [illegible]
५. [illegible]

राना ने हाता को कहला भेजा कि हमारी अधीनता में हमारे यहाँ चित्तौर में रहा करो। हाता ने उत्तर दिया कि बूँदी का राज्य मेरे पूर्वजों ने खड्ग के बल से जीता है। मैं किसी के अधीन नहीं। परन्तु आप बड़े हैं। कहिये तो होली-दिवाली पर आ जाया करूँ। इससे अधिक आप मुझसे आशा न रक्खें।

चित्तौर के राना को यह उत्तर बहुत अप्रिय लगा। उन्होंने बूँदी पर चढ़ाई कर दी। बूँदी से कुछ इधर ही एक स्थान निमोरिया नाम का है। सैन्य समेत राना ने वहाँ डेरा डाला। दूतों ने इस लड़ाई का संवाद हाता को पहले पहुँचा दिया था। उसने चुने हुए कोई पाँच सौ योधा अपने साथ लिये [illegible] चुपचाप चढ़े [illegible] उनके आने का समाचार तक राना को न [illegible] पाया। हाता ने रात के समय [illegible] [illegible] के डेरे पर धावा मारा। इधर लोग [illegible] [illegible] हाता के आक्रमण को न सह सके [illegible] [illegible] सिपाहियों ने राना के [illegible] [illegible] के प्राण गये। [illegible] [illegible] चित्तौर लौट [illegible] [illegible] योधा बचाते हुए [illegible] [illegible] और सब लोग [illegible] [illegible] मे चित्तौर [illegible]

एक मैदान में बूँदी के दुर्ग की एक मिट्टी की नक़ल तुरन्त ही तैयार की गयी। उतने ही फाटक, उतने ही बुर्ज उसी तरह की और वही सब जगहें। लड़कों का सा अनूठा खिलौना बन गया और रानाजी के धावे की राह देखने लगा।

बूँदी में जिस हाड़ा जाति के राजपूतों का राज्य था, उसी जाति के लोगों का एक टुकड़ा चित्तौर में भी था। वह रानाजी के आश्रित था, उनकी सेना का एक भाग था। कुम्भा [illegible] नाम का एक हाड़ा इनका प्रधान था। [illegible] वह अहेर करने गया था। उसने अंत में एक हिरन मारा। उसे पीठ पर डाल कर वह चित्तौर को लौटा। राह में उसने दुर्ग की वह नकल बनते देखा। उसे बड़ा कुतूहल हुआ [illegible]

[illegible]

भक्ति धन्य है ! यदि तुम जैसे वीर और तुम जैसे आत्माभिमानी राजपूत न होते तो राजपूताने में आज इतनी रियासतें देखने में न आतीं। खेल-तमाशे में भी जो अपने देश, अपनी जाति, अपनी मातृ-भूमि का अपमान और गौरव-क्षति नहीं सहन कर सकता, प्राण देकर भी जो उसकी मर्यादा की रक्षा करता है वही उसका स्वामी होने का अधिकारी भी हो सकता है।

पाठ सहायक

१—[illegible]—राजपूताने में बूंदी के समीप एक स्थान है।

[illegible] = [illegible] [illegible] = [illegible] [illegible] = [illegible]।

[illegible] = [illegible]

२—[illegible] है। मातृ भूमि की रक्षा के [illegible] है। इस पाठ के [illegible] मातृ भूमि के [illegible]

अभ्यास

[illegible]

चढ़ पहाड़ पर यही पुकारो,
मैदानों में यही उचारो।
"घृणा द्वेष सब दूर करेंगे,
सब से हिल-मिल प्रेम करेंगे ॥"
प्रेम-फौज का साज सजाकर,
प्रेम-दुन्दुभी मधुर बजाकर।
सहमत हो, सब काम करेंगे,
भारत में आनन्द भरेंगे ॥
दिन में, निशि में, सभी समय में,
मस्तक में औ मृदुल हृदय में,
यह विचार मित्रो के भरना,
"पारस्परिक द्वेष परिहरना ॥"
द्वेष भाव में आग लगाकर,
छल और अन्याय भगाकर,
सब पर प्रेम-वारि ढारेंगे,
भारत के दुखार्द मारेंगे ॥
जल में, थल में और पवन में,
दिगन्त में और गगन में,
ऐसा हो विचार तुम देखा,
"हम में तुम में अंतर कैसा !"
"भाई हैं, पर एक हमारा,
भाई बन कर करो गुजारा !"

अभ्यास

१. अर्थ लिखो और इनका तात्पर्य भी समझाओ—प्रेम-दुन्दुभी, प्रेम-वारि, प्रेम-राज्य और प्रेम-मंत्र।
२. शब्दार्थ लिखो—अन्धार। सारेंगे। दमन। प्रेम-मिठाई।
३. अर्थ लिखो और अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

"घृणा द्वेष सब दूर करेंगे,
सब से हिल-मिल प्रेम करेंगे॥"
"पारस्परिक द्वेष परिहरना"।
"प्रेम मंत्र जिसने मन धारा,
उसने विजय किया जग सारा॥"

४. एकता न होने से देश की क्या दशा होती है?
५. 'प्रेम के प्रभाव से संसार के प्रत्येक काम बड़ी सरलता से हो जाते हैं।' इसका प्रमाण अपनी सरल भाषा में दो।
६. हिन्दुओं और मुसलमानों के आपसी द्वेष का कारण लिखो।

२८—ताता का लोहे का कारखाना

[इस पाठ की लेखिका कुमारी उमा काटजू हैं। आजकल की लेखिकाओं में आप बहुत ही होनहार हैं। इन्होंने यह लेख प्रयाग से प्रकाशित 'सरस्वती' पत्रिका में छपाया था। वहीं से यहाँ उद्धृत किया गया है।

जमशेदजी नसरवानजी ताता बम्बई के निवासी पारसी थे। पहले वह मामूली हैसियत के थे; परन्तु परिश्रम और चतुराई से उन्होंने व्यापार में लाखों की सम्पत्ति पैदा की। उन्होंने बहुत से देशी लोहे के बनाने के कारखाने खोले जो पहले इस देश में अंग्रेजों के बड़े कारखानों से नहीं बनायी जाती थी। बिहार प्रान्त में ऐसे ही कारखानों में से एक इन्हीं का कारखाना है। इसी का वर्णन नीचे दिया जाता है।]



लोहे के कारखाने का एक दृश्य—जमशेदपुर

औषधालय भी है। शहर की सफाई तथा स्वच्छता का भी अच्छा प्रबन्ध है।

कम्पनी ने अपने कर्मचारियों के बालकों तथा बालिकाओं की शिक्षा का भी बहुत ही अच्छा प्रबन्ध किया है। शहर के प्रत्येक भाग में एक-एक प्राथमिक पाठशाला है, जिनमें बिना किसी भेद-भाव के मुफ्त शिक्षा दी जाती है। बालकों के लिए एक हाईस्कूल तथा दो मिडिल स्कूल हैं, तथा बालिकाओं के लिए एक मिडिल, एक अपर प्राइमरी तथा कई प्राथमिक पाठशालाएँ हैं। जो कारखाने में काम करते हैं उनके लिए भी कई-एक स्कूल खुले हुए हैं। इनमें भी मुफ्त ही शिक्षा दी जाती है।

खेल-कूद तथा मन-बहलाव के लिए भी शहर के अनेक स्थानों में मैदान हैं। यहाँ भारत के प्रायः सभी प्रान्तों के निवासी हैं। इन लोगों ने अपनी-अपनी समितियाँ खोल रखी हैं, जिनमें एक-दूसरे से मिलने-जुलने का अवसर प्राप्त होता है। कम्पनी की तरफ से भी क्लब खुले हुए हैं। मुसलमानों की मसजिद तथा ईदगाह, क्रिस्तानों के गिर्जे तथा सिक्खों के गुरुद्वारा हैं, पर खेद की बात है कि यहाँ हिन्दुओं की संख्या अधिक होने पर भी एक भी अच्छा मन्दिर नहीं है। हिन्दी-भाषियों की कोई सभा-समिति भी नहीं है, जहाँ एक दूसरे से मिलने का अवसर प्राप्त हो।

कारणों तथा बाधाओं से इनके जीवन-काल में इनका यह विचार कार्य-रूप में परिणत न हो सका। पर इनके सुपुत्रों (सर दोराब ताता तथा रतन ताता) ने अपने देश-भक्त पूजनीय पिता के विचारों को कार्य-रूप में परिणत कर अपनी पितृभक्ति का उत्तम परिचय दिया है। सन् १९०७ ईसवी में बम्बई में 'ताता आयरन ऐण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड' के नाम से एक कम्पनी रजिस्टर्ड हुई और सन् १९०८ ई० से यहाँ जङ्गल काटना और कारखाना बनाना आरम्भ हो गया।

यह कारखाना कई विभागों में बँटा हुआ है। 'कोक' के भट्ठों में कच्चे कोयले को जलाकर उसका 'कार्बन' निकाल देते हैं तथा धुएँ से अलकतरा तथा 'सल्फेट आफ एमोनिया' नामक एक प्रकार का नमक बनते हैं, जो खेतों की खाद के काम आता है। वात-भट्ठे (Blast furnace) में लोहे के पत्थर को गैस तथा कोक की आँच से गलाकर कच्चा लोहा बनाते हैं। जब यह गला हुआ कच्चा लोहा भट्ठे से निकलता है तब यहाँ का दृश्य देखने ही योग्य होता है। ऐसा मालूम होता है, मानों आग की नालियाँ बह रही हों।

इस कच्चे लोहे को बड़ी-बड़ी बाल्टियों में भरकर ईस्पात बनाने के भट्ठों में इंजन-द्वारा ले जाते हैं और वहाँ हवा के द्वारा कार्बन कम कर भट्ठे में डालते हैं। जब ईस्पात

है। बड़े-बड़े सामानों को उठाने तथा इधर-उधर ले जाने के लिए बिजली तथा 'स्टीम क्रेन' भी हैं। इस कारखाने में कतिपय भारतवासी भी अच्छे-अच्छे पदों पर हैं। कारखाने के लिये कर्मचारी शिक्षित करने के लिए यहाँ एक टेकनिकल इन्स्टिट्यूट भी है।

टीन, तारकाँटी, बिजली के तार, मालगाड़ियों के डब्बे तथा रेलवे-स्लीपर बनाने के यहाँ पृथक्-पृथक् कारखाने हैं। ये कम्पनियाँ टाटा-कम्पनी से लोहा; बिजली तथा जल लेती हैं। इनके कारखाने तथा कर्मचारियों के रहने के लिए मकान अलग हैं।

भारत के युवकों को उचित है कि इस औद्योगिक युग में कला-कौशल सीखें और मातृभूमि का मुख उज्ज्वल करें। भारतवासी प्रति वर्ष तीर्थ-यात्रा करते हैं, पर मेरा यह विचार है कि आज भारत के प्रत्येक स्त्री, पुरुष, युवा, वृद्ध तथा बालक का यह कर्तव्य है कि वह अब जमशेदपुर जैसे औद्योगिक तीर्थों का भी दर्शन किया करें तथा स्वयं एवं अपनी सन्तान को भारत के औद्योगिक अनुष्ठान में भाग लेने के योग्य बनावें। इसी में भारत का कल्याण है।

शब्दार्थ

[illegible] अधिकता। अनुष्ठान = कार्य, [illegible]

इस पाठ में एक पुरानी पौराणिक कहानी को बहुत ही [illegible] ढङ्ग से लिखा गया है।]

एक विशाल वन था। दीर्घ-दीर्घ [illegible] [illegible] मनुष्य की [illegible] था हिंसकों के [illegible] [illegible] का डर न था। उसमें एक रमणीय तालाब [illegible] किनारे ही [illegible] रहते थे। तालाब के किनारे [illegible] एक पेड़ था। इस पेड़ के नीचे पाताल-लोक में महादेव विराजमान थे। हाथी [illegible] तालाब में नहाते, महादेव का दर्शन करते और चले जाते। दोपहर को [illegible] उस पेड़ के नीचे विश्राम करते। [illegible] तालाब पर [illegible] महादेव का दर्शन करते और [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

[illegible]

इतनी छुट्टी चाह रहे हैं। तू आजमा तो कि हम अपने वचन का पालन करते हैं या नहीं ?"

व्याध के मन में श्रद्धा और कौतुक जाग उठा। ठीक सूर्योदय के पहले आ जाने की ताकीद करके उसने हरिणों को घर जाने दिया और खुद बिल्व के पत्तों को तोड़ता हुआ रात भर पेड़ पर जागता रहा।

ठीक सूरज उगने के समय पुनः लौट आने की प्रतिज्ञा उन्होंने की थी। अतः वे हरिण अपने घर गये, बाल बच्चों से मिले, अपने सींगों से एक दूसरे को खुजलाया, नन्हें बच्चों को प्रेम से चाटा, व्याध की कथा उन्हें कह सुनायी और बिदा मांगी; "शठं प्रति शाठ्यं कुर्यात्" (दुष्ट के साथ दुष्टता ही करनी चाहिये) अरे दुष्ट बहेलिये को दिये वचन को पालन करना चाहिये ? अपने शरीर का तमाम बल लगा कर यहाँ से चुपचाप भाग चलें—ऐसी सलाह देनेवाला उनमें से कोई न निकला।

सगे-संबंधियों ने कहा, "चलिये, हम भी साथ चलते हैं। स्वेच्छा से मृत्यु स्वीकार करने पर मोक्ष मिलता है। आपके अपूर्व आत्म-त्याग को देखकर हम पुनीत होंगे।"

बाल बच्चे साथ हो लिये, मानों व्याध की हिंसावृत्ति की परीक्षा करने निकले हों !

सूर्योदय के पहले झुण्ड आ पहुँचा। सबसे आगे हरिन

अभ्यास

१. पैगम्बर जैसे शिक्षक [illegible] को भी अपनी संतान के भरण-पोषण की चिन्ता होती है? इसका प्रमाण दो।

२. लड़ाई और वादा पूरे करने का क्या प्रभाव पड़ता है? कोई उदाहरण देकर समझाओ।

३. हिजरत क्या है? यह कब हुई थी? उससे [illegible] [illegible] होती है? [illegible]

४. [illegible]

५. [illegible]—[illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible]।

६. [illegible]—[illegible] [illegible]।

७. [illegible]।

८. [illegible]।

९. [illegible]।

१०. [illegible]।

[illegible]

[illegible]

[illegible]

कप्तान पहले से ही कुछ रोगी था। इस कारण वह तो चार ही पाँच दिन में इस लोक से चल बसा। उसकी मृत्यु से बड़ी हलचल मची। प्रत्येक व्यक्ति मुखिया बनकर दूसरों पर शासन करने की चेष्टा करने लगा। परन्तु दूसरे के आदेशानुसार चलना किसी को भला न लगता था। अन्त में सब लोगों ने सहमत होकर एक वृद्ध को अपना कप्तान नियत किया और उसकी आज्ञा में चलना स्वीकार किया।

कुछ दिन व्यतीत होने पर कप्तान ने देखा कि अब खाद्य-द्रव्य केवल तीन ही दिन के लिए बचा है, और इतनी अल्प सामग्री से इन सब का अधिक दिनों तक निर्वाह नहीं हो सकता। तब उसने सम्मति दी कि सबके नाम की चिट्ठियाँ डाली जायँ और प्रत्येक चौथी चिट्ठी में जिसका नाम निकले, वह समुद्र में फेंक दिया जाय। ऐसा करने से सम्भव है कि कुछ दिन तक और निर्वाह हो सके। यह बात सब ने स्वीकार की। डोंगी पर, जैसा कि हम ऊपर लिख आये हैं, कुल १९ मनुष्य थे। उनमें एक कप्तान, एक पादरी और एक बढ़ई थे, इनके

---

* [illegible]

हो गया, उसकी आँखों से अश्रुधारा बह चली और उसकी हिचकी बँध गयी। वह अपने हृदय को कड़ा करके बोला, "प्यारे भैया; तुम कुछ भी कहो, मैं तुम्हारा कथन नहीं मान सकता। दैव की इच्छा से मरने की चिट्ठी मेरे नाम निकली है। अपने प्राण बचाने के लिए दूसरे के प्राण लेने में बड़ा भारी पातक होता है। और फिर, तुम तो मेरे सगे भाई हो और मेरी प्राण-रक्षा के लिए इतने उतावले होकर भ्रातृ-स्नेह प्रकट कर रहे हो। यदि मैं अपने प्राणों की रक्षा के लिए तुमको काल के गाल में डाल दूँ तो इस से बढ़कर पातकी इस संसार में और कौन होगा; ऐसा करने पर मेरा हृदय शोक और मोह से दुःखित होता रहेगा। अन्त में किसी दिन मुझे भी हत्यारी से आत्मघात करना पड़ेगा। इसलिए मैं कहता हूँ कि तुम कुछ चिन्ता न करो, मुझे प्राण त्याग करने दो।"

छोटे भ्राता की बात सुनकर [illegible] भ्राता ने कहा, "यह सब निश्चित बात समझो कि मैं तुम्हें [illegible] मरने नहीं दूँगा।" इतना कहकर छोटे भाई के [illegible] पकड़कर वह फूट-फूट कर रोने लगा। वह [illegible] बोला, "भैया, अब तुम मुझे छोड़ दो। [illegible]"

[illegible] होते ही मुअंबीक* के पहाड़ की तराई की भूमि दिखलायी दी। उसे देखते ही सब की जान में जान आ गयी। इसी के समीप पुर्तगालवालों की नयी बस्ती थी। वहाँ ये [illegible] ही पहुँच गये। उन दोनों भ्राताओं का वृत्तान्त सुनकर वहाँ के निवासीगण बहुत प्रसन्न हुए और छोटे भाई एवं उसके प्राण बचानेवालों की बड़ी प्रशंसा करने लगे।

पाठ-सहायक

[illegible] एक [illegible] है। [illegible] पुर्तगाल [illegible] का अधिकार है। पुर्तगाल यूरोप में एक देश का नाम है। अफ्रीका = यह एक महादेश है। हमारे देश के पश्चिम में है। [illegible]—यह जहाज के [illegible] सब से बड़ा [illegible] है। [illegible] एक [illegible] है, [illegible] हैं।

अभ्यास

१. [illegible]
२. [illegible]
३. [illegible]
४. [illegible]
५. [illegible]
६. [illegible]

---

* [illegible]

३. मनुष्य-जन्म किस प्रकार सार्थक हो सकता है ?
४. प्रह्लाद की हरि-भक्ति के विषय में तुम क्या जानते हो ?
५. ध्रुव कौन था ? और उसने किस प्रकार पद प्राप्त किया ?
६. देश के सुखी होने की आशा बालकों पर किस प्रकार निर्भर है ?
७. इस कविता को याद करके सुनाओ ।

३२—महर्षि दधीचि

[इस पाठ के लेखक साहित्याचार्य पण्डित चन्द्रशेखर शास्त्री हैं । ये आरा ज़िला (बिहार) के निवासी थे । उन्होंने संस्कृत के 'शास्त्री' और 'रत्नाकर' तथा हिन्दी के '[illegible]' आदि परीक्षाओं का अध्ययन किया था । हिन्दी में उन्होंने बहुत सी पुस्तकें लिखी थीं, जिनमें वाल्मीकीय रामायण और महाभारत के अनुवाद मुख्य हैं । '[illegible]' नाम की पुस्तक में उन्होंने प्राचीन भारत के आदर्श [illegible] । ये [illegible] बहुत अच्छे [illegible] थे । उसी पुस्तक से यह लेख कुछ घटा-बढ़ाकर लिया गया है ।]

महर्षि दधीचि किसी वन में रहा करते थे । वहाँ उनका सुन्दर आश्रम बना था । आश्रम के आसपास की भूमि वृक्षों और लताओं से हरी भरी थी । [illegible]
[illegible]

कि वह कुछ सोच रहे हैं। वहाँ उस समय जो बैठे थे उनका उधर ध्यान न था, वे तर्क वितर्क में ही लीन थे। उसी समय अन्य लोगों के सामने एक वृद्ध ब्राह्मण उपस्थित हुआ। लोगों ने उनका स्वागत किया। महर्षि को प्रणाम कर वह बैठ गया। महर्षि ने तीखी नजर से उसकी ओर देखा। वह घबरा गया और खड़ा होकर हाथ जोड़कर बोला, "महाराज, मैं इन्द्र हूँ। मैं ब्राह्मण-वेष में आपकी सेवा में इसलिए उपस्थित हुआ हूँ कि मुझे आपसे कुछ सीखना है। अतएव सीखने के उपयुक्त यह रूप धारण किया है।"

महर्षि ने कहा, "इन्द्र, तुम छल के लिए प्रसिद्ध हो। तुम अपनी इस छल-प्रधान नीति के कारण इस समय [illegible] उठा रहे हो और तुम्हारी इस अधोगति का फल समस्त देवों को भोगना पड़ रहा है। यह तुमको निश्चय रूप से जान लेना चाहिये कि छल में विजयी होने की शक्ति नहीं है। तुम इसके द्वारा ही देवत्व का पतन कर रहे हो। तुम्हें इस बात का अनुभव हो जाना चाहिये था, पर दुःख है कि वह अभी तक नहीं हुआ।"

इन्द्र ने कहा, "महाराज, यह नीति मेरी नहीं है, यह तो असुरों की है [illegible] असुरों की नीति की [illegible] में [illegible] करने का [illegible] पड़ता है। [illegible] नीति के कारण ही [illegible] [illegible] हम नहीं जा सकता।"

किये हुए कोप रहे हैं। मेरा सब व्यर्थ हो गया: इतने दिनों की सेवा से भी कोई फल नहीं निकला। इस पर लोग इन्द्र देव महादेव की शरण गये थे। उनको इन लोगों ने अपने दुःख सुनाये और उनके दूर करने में सहायता माँगी। महादेव ने इन लोगों ने बड़ी स्तुति की। वे प्रसन्न हुए और उन्होंने मार्ग बतलाया। इसी के लिए मैं आपकी सेवा में आया हूँ।"

इतना कहकर इन्द्र चुप हो गये। महर्षि भी चुप थे। इस तरह कुछ समय बीत गया: पर इन्द्र न बोले। तब महर्षि ने कहा, "देखिए, आपको इस सम्बन्ध में मुझसे क्या कहना है? आप संकोच क्यों करते हैं? जो कुछ आप कहना चाहते हों निःसंकोच होकर कहें।"

इन्द्र ने कहा, "महाराज, मैं अपने कुछ स्वार्थ करके आया हूँ। इसलिये मैं [illegible] के लिए [illegible] [illegible] है कि आपसे कुछ [illegible] हूँ [illegible] है। [illegible] आपसे [illegible] है [illegible] [illegible]"

[illegible]

इन बातों को सुनकर इन्द्र हताश हो गये। वे कुछ बोल न सके। महर्षि ने पुनः कहा, "ये बातें मैं अपने स्वार्थ में नहीं कह रहा हूँ। आप यह न समझिये कि इन बातों को कहकर मैं आपको निराश कर रहा हूँ; ये सभी अलग हैं। इनका जवाब थोड़ी देर के बाद देंगा, पर मैं देखता हूँ कि आप घबरा गये हैं। अतएव अब मैं योग-क्रिया के द्वारा अपना शरीर छोड़ता हूँ। आप हड्डियों को ले लीजियेगा और उनसे अपना मनोरथ सिद्ध कीजियेगा।"

महर्षि ने ऐसा ही किया और इन्द्र वज्र बनाने के कारण महर्षि दधीचि अमर हो गए हैं :

[illegible]

[illegible]

[illegible]

सब हमें जानते हैं सदा भारतीय हम हैं अजय।
फिर एक बार हे विश्व, तुम गाओ भारत की विजय॥

साक्षी है इतिहास हमीं पहले जागे हैं।
जागृत सब हो रहे हमारे ही आगे हैं॥
शत्रु हमारे कहाँ नहीं भय से भागे हैं?
कायरता से कहाँ प्राण हमने त्यागे हैं?

हैं हमीं प्रकम्पित कर चुके सुरपति तक का भी हृदय।
फिर एक बार हे विश्व तुम गाओ भारत की विजय॥

कहाँ प्रकाशित नहीं रहा है तेज हमारा?
दलित कर चुके शत्रु सदा हम पैरों द्वारा?
[illegible] कौन नहीं जो हमसे हारा?
पर [illegible] कहाँ कब हमें न [illegible]

[illegible]
[illegible]

[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

[illegible]
[illegible]

पाठ- सहायक

शौर्य=शूरता, वीरता। साक्षी=गवाही, सबूत देनेवाला। सुरपति=इन्द्र। अवनि=पृथ्वी। यूनानी सो हारे—यह गीत चन्द्रगुप्त मौर्य के सैनिकों ने उस समय गाया था जिस समय उन्होंने यूनानी राजा सिल्यूकस को हरा दिया था।

अभ्यास

१. शब्दार्थ बताओ—अभय, आपत्ति, कायरता, दलित, शरणागत, प्रकम्पित।

२. अर्थ लिखो और अपने वाक्यों में प्रयोग करो—जग में गूँज है। भारत की विजय। कायरता से प्राण त्यागना। दलित करना। शौर्य। सकुचाता। गम्भीर।

३. भारतवासियों के विशेष गुणों का वर्णन करो।

४. शरणागत के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए।

५. क्रोध के समय मनुष्य की क्या दशा हो जाती है।

६. निम्नलिखित शब्दों को व्याकरण से बतलाओ:—शौर्य, वीर्य, गुण, हम, भारत, सुरपति, बतलाओ और अवनि।

७. इस कविता को याद करके सुनाओ।